भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3288

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में अध्ययन

3288. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.टी.) के सरिता विहार स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में पढ़ाए जाने वाले विषयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में उक्त संस्थान के प्रत्येक विभाग में सीटों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त संस्थान में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क)**:** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, सरिता विहार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली में पढ़ाए जाने वाले विषयों का विवरण निम्नानुसार है:-

1. आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत
2. द्रव्यगुण
3. कौमारभृत्य
4. कायचिकित्सा
5. क्रिया शरीर
6. रोगनिदान एवं विकृति विज्ञान
7. रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना
8. पंचकर्म
9. प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग
10. शालाक्य तंत्र
11. शल्य तंत्र
12. स्वस्थवृत्त

(ख): अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के प्रत्येक विभाग में उपलब्ध सीटों की कुल संख्या **संलग्नक-I** में दी गई है।

(ग): विगत तीन वर्षों के दौरान प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या का विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

संलग्नक-I

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, सरिता विहार, नई दिल्ली के प्रत्येक विभाग में उपलब्ध सीटों की कुल संख्या का विवरण:-

क्र.सं.	**विभाग का नाम**	**सीटों की संख्य (ईडब्ल्यूएस सहित)**
1.	आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग	5+1
2.	द्रव्यगुण विभाग	6+1
3.	कौमारभृत्य विभाग	6+2
4.	कायचिकित्सा विभाग	10+3
5.	क्रिया शरीर विभाग	6+2
6.	रोगनिदान एवं विकृति विज्ञान विभाग	6+1
7.	रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग	5+1
8.	पंचकर्म विभाग	6+2
9.	प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग	6+2
10.	शालाक्य तंत्र विभाग	7+2
11.	शल्य तंत्र विभाग	6+2
12.	स्वस्थवृत्त विभाग	6+1
	कुल सीटें	**75+20 = 95**

संलग्नक-II

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, सरिता विहार, नई दिल्ली में विगत तीन वर्षों के दौरान प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या:-

शैक्षणिक वर्ष	पीजी विद्यार्थी	पीएच. डी विद्यार्थी
2023	84	29
2024	92	36
2025	95	23